पीएम मोदी ने घटाया अपने काफिले का आकार, अब शामिल होंगे अधिक ई वाहन

ईंधन बचत और सादगी अभियान के तहत बड़ा फैसला, राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी कम किए काफिले

समर न्यूज | नई दिल्ली

नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ईंधन बचाने की अपील के बाद अपने काफिले का आकार कम कर दिया है। हालिया घरेलू यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री के काफिले में वाहनों की संख्या घटाई गई है। हालांकि सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत जरूरी इंतजाम पहले की तरह बनाए रखे गए हैं।

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि जहां संभव हो, उनके काफिले में अधिक से अधिक विद्युत वाहनों को शामिल किया जाए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया है कि इसके लिए नए वाहन नहीं खरीदे जाएंगे।

बताया जा रहा है कि हैदराबाद में दिए गए उनके भाषण के बाद गुजरात और असम दौरों के दौरान यह बदलाव लागू किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने काफिले में शामिल होने वाली गाड़ियों की संख्या को घटाकर अब आधा से भी कम कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी शासित कई राज्यों में भी इसी तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। रेखा गुप्ता, भजन लाल शर्मा और मोहन यादव ने भी अपने काफिलों में वाहनों की संख्या कम करने का फैसला लिया है।

योगी आदित्यनाथ ने भी अपने और मंत्रियों के काफिलों में तत्काल 50 प्रतिशत तक कटौती करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अनावश्यक वाहनों को हटाने और सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग पर जोर दिया है। मोहन यादव ने बताया कि उनके काफिले का आकार 13 वाहनों से घटाकर 8 वाहन कर दिया गया है।

वहीं राजस्थान सरकार ने भी अधिकारियों को सरकारी खर्च और ईंधन बचत को लेकर अनावश्यक वाहन उपयोग से बचने के निर्देश दिए हैं।

यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट और कच्चे तेल की कीमतों को लेकर चिंता बनी हुई है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से अनावश्यक यात्रा कम करने, संसाधनों की बचत करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की थी। सरकार का मानना है कि इस तरह के कदमों से ईंधन की बचत के साथ सादगी का संदेश भी जाएगा।

कानपुर देहात में 400 करोड़ के जमीन घोटाले पर बड़ी कार्रवाई

एजेंसी | कानपुर

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कानपुर देहात के भोगनीपुर क्षेत्र में करीब 400 करोड़ रुपये के जमीन घोटाले में बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूर्व एडीएम समेत कंपनियों और बैंक अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामला वर्ष 2011 का है, जब चपरघटा, कृपालपुर, भुण्डा, रसूलपुर और भरतौली समेत सात गांवों की करीब 2332 एकड़ जमीन थर्मल पावर प्लांट लगाने के लिए हिमावत पावर और लैंको अनपरा पावर को आवंटित की गई थी। कंपनियों को तीन साल के भीतर परियोजना शुरू करनी थी, लेकिन 15 साल बाद भी कोई काम नहीं हुआ।

अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का निधन, परिवार में शोक की लहर

लखनऊ के अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित, मौत के कारणों की जांच जारी

एजेंसी | लखनऊ

अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह 38 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से परिवार और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब छह बजे उनकी पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर डीसी पांडेय के मुताबिक, जब प्रतीक यादव को अस्पताल लाया गया तब उनकी

नब्ज बंद थी और हृदय ने काम करना बंद कर दिया था।

घटना की जानकारी मिलने के बाद अपर्णा यादव असम से लखनऊ लौट आईं। वह मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए असम गई थीं। एयरपोर्ट पहुंचने के बाद वह सीधे घर पहुंचीं।

पोस्टमार्टम के बाद प्रतीक यादव का शव घर लाया गया है और अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही हैं।

सूत्रों के मुताबिक, शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। हालांकि मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है, इसलिए जांच के लिए विसरा नमूना सुरक्षित रखा गया है।

इस बीच अखिलेश यादव भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और अपने भाई के पार्थिव शरीर को देखा। उन्होंने इसे बेहद दुखद बताते हुए कहा कि परिवार जो निर्णय लेगा, वही किया जाएगा।

गुरमीत वल्टोहा ने विरसा सिंह वल्टोहा की नियुक्ति पर जताई खुशी

दर्शन सिंह संधू | तरनतारन
समर न्यूज

शिरोमणि अकाली दल द्वारा सीनियर नेता और पूर्व विधायक प्रोफेसर विरसा सिंह वल्टोहा को पार्टी का जनरल सेक्रेटरी और कोर कमेटी का सदस्य नियुक्त किए जाने के बाद खेमकरण विधानसभा क्षेत्र में अकाली कार्यकर्ताओं और नेताओं में खुशी का माहौल है। इस मौके पर शिआद के युवा नेता गुरमीत सिंह वल्टोहा ने पार्टी हाईकमान का आभार जताते हुए प्रो. विरसा सिंह वल्टोहा और पूरे वल्टोहा परिवार को बधाई दी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और हाईकमान ने यह अहम जिम्मेदारी एक योग्य, अनुभवी और जमीनी नेता को सौंपी है। उन्होंने कहा कि प्रो. विरसा सिंह वल्टोहा लंबे समय से पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं और हमेशा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की राजनीति करते रहे हैं।

पूर्व विधायक खन्ना ने सुनी व्यापारियों की समस्याएं

समर न्यूज | संगरूर

अरविंद खन्ना ने शिरोमणि अकाली दल द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत अग्रवाल सभा संगरूर में आढ़ती एसोसिएशन व अन्य संगठनों के साथ मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पंजाब में शिरोमणि अकाली दल की सरकार के समय में सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया था।

खन्ना ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल के ट्रेड एवं व्यापार विंग द्वारा राज्य के कारोबारियों, व्यापारियों तथा उद्योगपतियों से मुलाकात करके उनकी समस्याएं पूछी जा रही हैं। पंजाब में अकाली दल की सरकार के सत्ता में आने पर व्यापारियों की समस्याओं का पहल के आधार पर समाधान किया जाएगा। अकाली दल का ट्रेड एवं व्यापार विंग इसके लिए वचनबद्ध है। इस अवसर पर आढ़ती एसोसिएशन सब्जी मंडी जिला संगरूर के प्रधान मोहन लाल गर्ग व अन्य व्यापारी नेताओं ने अरविंद खन्ना का स्वागत करते हुए व्यापारी समुदाय की समस्याओं पर चर्चा की।

दोहरे हत्याकांड के तीन आरोपी भूटान सीमा से गिरफ्तार

समर न्यूज | तरनतारन

पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने एक बड़े अंतरराज्यीय ऑपरेशन के दौरान बटाला दोहरे हत्याकांड के तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इन आरोपियों को पश्चिम बंगाल में स्थित भारत-भूटान सीमा से उस समय पकड़ा गया, जब वे देश छोड़कर भूटान भागने की फिराक में थे। यह कामयाबी एजीटीएफ, बटाला पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के आपसी तालमेल और संयुक्त अभियान के कारण मिली है। तकनीकी निगरानी और खुफिया इनपुट के आधार पर जाल बिछाकर उन्हें बॉर्डर से ठीक पहले दबोच लिया गया। पुलिस अब इन आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर पंजाब लाएगी, जहाँ इनसे गहन पूछताछ की जाएगी। उम्मीद जताई जा रही है कि पूछताछ के दौरान हैप्पी जट्ट के नेटवर्क और राज्य में होने वाली अन्य संभावित वारदातों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं।

डेराबस्सी में कांग्रेस को फिर लगा झटका

गुरदर्शन सैनी की अगुवाई में डॉली शर्मा समेत दर्जनों महिलाएं भाजपा में शामिल

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज

डेराबस्सी हलके में कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक धक्का लगा। वरिष्ठ भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैणी की अगुवाई में कांग्रेसी नेता डॉली शर्मा व एसबीपी सोसायटी की दर्जनों महिलाओं ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। प्रमुख नामों में माधवी, नीलम, राधा, उत्तम, दीपिका, पिंकी, बिपाशा, मधु, सोनिया, गुड़िया, वीना, रूही अग्रवाल व पम्मी शामिल।

नए सदस्यों का स्वागत करते सैणी ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। बोले, "कांग्रेस ने महिलाओं को महज वोट बैंक बनाया, चुनाव के बाद भुला दिया। वहीं, पीएम मोदी की सरकार ने बेटियों को सशक्त बनाने के ऐतिहासिक कदम उठाए।" उन्होंने लाडली बहना, उज्ज्वला जैसी योजनाओं का जिक्र कर महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार का दावा किया।

पार्टी में शामिल होने पर गुरदर्शन सिंह सैणी डॉली शर्मा व साथियों का स्वागत करते हुए। - समर न्यूज

सैणी बोले, "ये शामिल होना पार्टी को डेराबस्सी में अभूतपूर्व ताकत देगा। लोग कांग्रेस की भ्रामक नीतियों से तंग आ चुके।" भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर मजबूती का संकल्प लिया। नेताओं का दावा- आगामी दिनों में और लोग जुड़ेंगे।

तरनतारन पुलिस और गैंगस्टर्स के बीच झड़प

दर्शन सिंह संधू | तरनतारन
समर न्यूज

वल्टोहा थाने के गांव असल उत्तर में गैंगस्टर प्रभ दासूवाल के तीन शूटर्स और पुलिस के बीच झड़प का मामला सामने आया है। इस दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में 4 आरोपी घायल हो गए हैं। पुलिस ने आरोपियों से एक पिस्टल और एक मोटरसाइकिल बरामद की है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, वल्टोहा थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि इलाके में गैंगस्टर प्रभ दासूवाल के गुंडे किसी वारदात को अंजाम देने की प्लानिंग कर रहे हैं। जिसके बाद गांव असल उत्तर ट्रैक के पास नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल सवारों को रुकने का इशारा किया गया। इसके बाद आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। जब पुलिस एक्शन में थी, तो पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया, लेकिन आरोपी पुलिस पर फायरिंग करते रहे। इस पर पुलिस ने भी आरोपियों पर जवाबी फायरिंग शुरू कर दी, जिससे दो आरोपी पैरों में गोली लगने से घायल हो गए। जिनकी पहचान आकाशदीप सिंह और सनी के तौर पर हुई है, जिनके पास से पुलिस ने एक पिस्तौल और एक मोटरसाइकिल बरामद की है और आगे की जांच शुरू कर दी है। SSP सुरिंदर लांबा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वल्टोहा थाने की पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी की हुई थी, जिसके चलते मोटरसाइकिल पर सवार दो आरोपियों ने पुलिस के रुकने का इशारा करने पर फायरिंग शुरू कर दी। जब पुलिस ने जवाब में फायरिंग की तो वे दोनों घायल हो गए, जिनकी पहचान आकाशदीप सिंह और सनी के तौर पर हुई है। SSP ने बताया कि इस दौरान जब घटना स्थल पर मौजूद पुलिस पार्टी क्राइम सीन टीम का इंतजार कर रही थी, तो दो आरोपी मोटरसाइकिल पर आए और अपने साथियों को छुड़ाने के मकसद से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसके जवाब में पुलिस की फायरिंग में दोनों आरोपी भी घायल हो गए। जिनकी पहचान सुखविंदर सिंह और सनी के तौर पर हुई है। SSP ने बताया कि इस मुठभेड़ में कुल चार आरोपी घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ खाना वल्टोहा में केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

जिला स्वर्णकार संघ रोपड़ ने प्रधानमंत्री मोदी के बयान की कड़ी निंदा की

मनप्रीत सिंह | रूपनगर
समर न्यूज

जिला स्वर्णकार संघ रोपड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोगों को एक साल तक सोना न खरीदने के बयान की कड़ी निंदा की है। प्रधानमंत्री के इस बयान से स्वर्णकार समाज में भारी रोष फैल रहा है। इस बारे में बात करते हुए अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं जिला स्वर्णकार संघ के महासचिव अशोक कुमार दारा, नगर कौंसिल रोपड़ के पूर्व अध्यक्ष संजय वर्मा बेले वाले, स्वर्णकार सतिंदर नागी व प्रवीण नागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाल ही में लोगों को एक साल तक सोना न खरीदने के बयान से स्वर्णकार समाज में भारी रोष फैल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस बयान से स्वर्णकारों के कारोबार पर गहरा असर पड़ेगा और कारोबार से जुड़े लाखों कारीगर भी काम बंद होने से बेरोजगार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वर्णकारों का काम पहले ही मंदी में है और प्रधानमंत्री के इस बयान से कारोबार पर और असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को अपना बयान वापस लेना चाहिए और लोगों में पैदा हो रहे डर को खत्म करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के बयान से लोग अपनी शादी के प्रोग्राम भी एक साल के लिए टाल सकते हैं, जिससे दूसरे लोगों के काम पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिला सुनार एसोसिएशन रोपड़ प्रधानमंत्री से अपील करती है कि वे सोना न खरीदने का अपना बयान वापस लें। उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमंत्री अपना बयान वापस नहीं लेते हैं तो सुनार समाज भी विरोध करेगा।

1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में पहुंचे 1,835 करोड़ रुपये

समर न्यूज | भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 'मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना' की 36वीं किस्त जारी कर दी। इस दौरान प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 22 हजार 542 महिलाओं के बैंक खातों में 1,835 करोड़ 67 लाख 29 हजार 250 रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से ट्रांसफर की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से संवाद किया और कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमि पूजन भी किया। जनसंपर्क अधिकारी बिंदु सुनील ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। गौरतलब है कि यह योजना जून 2023 में शुरू की गई थी और अप्रैल 2026 तक इसकी 35 किस्तें जारी की जा चुकी थीं। बुधवार को जारी की गई राशि योजना की 36वीं किस्त है।

डीएवी स्कूल की स्टूडेंट ने 12वीं में मेरिट लिस्ट में स्थान पाया

मनप्रीत सिंह | रोपड़
समर न्यूज

पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड, मोहाली द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रूपनगर की छात्रा अर्शदीप कौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। अर्शदीप कौर ने 500 में से 484 अंक हासिल कर रूपनगर शहर के सभी स्कूलों में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि जिलेभर में वह पांचवें स्थान पर रही।

स्कूल प्रिंसिपल संगीता रानी ने बताया कि स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। साइंस ग्रुप में अर्शदीप कौर ने 484 अंक, ख्वाहिश शर्मा, खुशमनत कौर और महक ने 480-480 अंक, सुखबीर सिंह ने 468 और आरुषि ने 464 अंक प्राप्त किए।

आर्ट्स ग्रुप में अदिति ने 478, अक्षरा भारती ने 476, जशनदीप कौर ने 471 और नवराज कौर ने 455 अंक हासिल किए। वहीं कॉमर्स ग्रुप में खुशी शर्मा ने 468, मनकीरत ने 456 और शुभम शाह ने 450 अंक प्राप्त किए।

डीएवी कमेटी नई दिल्ली के रविंदर तलवार ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्कूल स्टाफ को बधाई दी।

फतेह दिवस 9 जून को पंजाब सरकार बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के शहीदी दिवस पर छुट्टी की घोषणा करे : बावा

सरहिंद फतह दिवस पर फतह मार्च में मंत्री खुड्डियां हुए शामिल

समर न्यूज़ | मोहाली

सरहिंद फतह दिवस के अवसर पर चप्पड़चिड़ी के ऐतिहासिक मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विशाल फतह मार्च निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, संत महापुरुषों और संगत ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

बाबा बंदा सिंह बहादुर इंटरनेशनल फाउंडेशन चंडीगढ़ के प्रधान हरिंदर सिंह हंस और जनरल सचिव बूटा सिंह बैरागी की अगुवाई में फतेह मार्च का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा की, लड्डू बांटे और फतेह के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना दिया।

रकबा भवन से चप्पड़चिड़ी तक निकाले गए इस मार्च का नेतृत्व

फाउंडेशन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार बावा ने किया। उनके साथ फतेह मार्च इंचार्ज इकबाल सिंह गिल (रिटायर्ड आईपीएस), कन्वीनर जसवंत सिंह छापा, सरपरस्त मलकीत सिंह दाखा, सचिव सोनिया अरोड़ा, सह-कन्वीनर तरनजीत सिंह निमाणा और निहंग मुखी बलविंदर सिंह तरना दल विशेष रूप से मौजूद रहे। निहंग सिंहों ने पारंपरिक गतका प्रदर्शन कर संगत को रोमांचित किया, जबकि ढाढी बलदेव सिंह ने बाबा बंदा सिंह बहादुर की वीर गाथाएं सुनाईं। घोड़ों पर करतब भी आकर्षण का केंद्र रहे। यह फतेह मार्च रकबा भवन से समाजसेवी एस.पी. सिंह ओबराय द्वारा रवाना किया गया।

कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि कृष्ण कुमार बावा की अगुवाई में फाउंडेशन सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी को बाबा बंदा सिंह बहादुर जी के जीवन से जुड़े चार प्रमुख दिवस—16 अक्टूबर (जन्म दिवस), 3 दिसंबर (मिलाप दिवस), 12 मई (सरहिंद फतेह दिवस) और 9 जून (शहीदी दिवस) को श्रद्धा के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से 14 मई को अपने घरों में दीये जलाकर बाबा जी को याद करने की अपील भी की।

कार्यक्रम के दौरान 11 प्रमुख हस्तियों को बाबा बंदा सिंह बहादुर मेमोरियल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इनमें आर.एम. सिंह, बाबा भूपिंदर सिंह पटियाला, गुरमीत सिंह बिल, जोरा सिंह चप्पड़चिड़ी, हरिंदर सिंह हंस, इकबाल सिंह गिल, बिल्ला (मुल्तानी ढाबा), रजिंदर सिंह कुराली, कुलविंदर सिंह चप्पड़चिड़ी, बूटा सिंह बैरागी और हरप्रीत सिंह बंटी शामिल रहे।

अंत में कृष्ण कुमार बावा ने सभी का धन्यवाद किया और पंजाब सरकार से 9 जून को बाबा बंदा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस पर सरकारी अवकाश घोषित करने की मांग की।

सेंट कारमल स्कूल रूपनगर का 12वीं का परिणाम रहा उत्कृष्ट

मनप्रीत सिंह | रोपड़
समर न्यूज

सी.बी.एस.ई. द्वारा घोषित 12वीं के परिणामों में सेंट कारमल स्कूल, रूपनगर ने एक बार फिर उत्कृष्ट सफलता दर्ज कर शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का परिचय दिया तथा 12वीं के विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। जिसका श्रेय स्कूल शिक्षकों को जाता है। इस वर्ष, बारहवीं कक्षा के कॉमर्स ग्रुप की छात्रा मिस गुरशरनप्रीत कौर ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्ट्स ग्रुप की छात्रा मिस प्रेरणा शर्मा ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया और अपने विद्यालय, अभिभावकों और शिक्षकों का नाम रोशन किया। इसी प्रकार, आर्ट्स ग्रुप के छात्र मास्टर जसराज सिंह ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। आर्ट्स ग्रुप और कॉमर्स ग्रुप की छात्राओं मिस सोनिया और मिस महकप्रीत कौर ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके चौथा स्थान प्राप्त किया और कॉमर्स ग्रुप की छात्रा मिस जशनप्रीत कौर ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पांचवां और साइंस ग्रुप के छात्र मास्टर अर्शप्रीत सिंह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करके छठा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के आदरणीय संरक्षक सरदार अमरजीत सिंह सैनी जी एवं विकास प्रबंधक श्रीमती जया सैनी जी ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये परिणाम सिर्फ संख्याएं नहीं हैं बल्कि, वे अनगिनत घंटों की कड़ी मेहनत, समर्पण और अटूट दृढ़ संकल्प का परिणाम हैं। प्रत्येक प्रतिशत अंक हमारे छात्रों और संकाय के समर्पण का प्रमाण है।